वागड़ संदेश
(ई पेपर) में
खबरें व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
8890633631, 9309255545, 6351581818
editorwagadsandesh@gmal.com

Tital Code. : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

वर्ष-1 | अंक-15 | सागवाड़ा, गुरुवार,9 सितम्बर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

**सुविचार**

हम में से सब लोग महान काम नहीं कर सकते लेकिन महान प्यार के साथ हम कई छोटी-छोटी चीजें कर सकते हैं।

## विस्फोटक सामग्री के साथ एक ट्रेक्टर को जब्त

**डूंगरपुर।**

जिले की पुलिस की स्पेशल टीम ने विस्फोटक सामग्री के साथ एक ट्रेक्टर को जब्त किया है वही चालक को गिरफ्तार किया है । ट्रेक्टर से डीएसटी ने 40 जिलेटिन की छड़े व 42 डिटोनेटर व वायर बरामद किये है । डीएसटी प्रभारी दिलिपदान ने बताया की मुखबिर के जरिये विस्फोटक सामग्री के अवैध परिवहन की सूचना मिली थी जिस पर डीएसटी ने काब्जा में एक ट्रेक्टर को रुकवाया और उसकी तलाशी ली तो डीएसटी ने ट्रेक्टर में से 40 जिलेटिन छड़े,42 डेटोनेटर, वायर जब्त किये । वही करियाना निवासी गोकुलभाई पाटीदार को हिरासत में लिया । कार्रवाई के बाद डीएसटी ने ट्रेक्टर, विस्फोटक सामग्री व चालक को साबला थाने के सुपुर्द किया । इधर साबला पुलिस ने मामला दर्ज कर चालक को गिरफ्तार किया है । जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है ।

# सड़क पर ऊंट गाड़ी या ट्रैक्टर दौड़ते थे वहां अब सेना के फाइटर प्लेन उतरेंगे



**जालोर।** देश के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। भारत की अतंरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक बनी पहली एयर स्ट्रिप का उद्घाटन केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने हरक्यूलिस विमान लैंड करके की। जालोर जिले में अगड़ावा सेसावा के बीच नेशनल हाइवे 925ए पर बनी इमरजेंसी एयर स्ट्रिप हवाई पट्टी पर हरक्यूलिस सी 130 विमान की लैंडिंग के साथ ही फाइटर प्लेन सुखोई व जगुआर ने करतब भी दिखाए। फाइटर प्लेन ने करतब के दौरान पहला टच एंड गो ऑपरेशन को भी अंजाम दिया। इस दौरान सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि परिवहन मंत्रालय ने इस कार्यकाल में कई वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किए हैं। उन्होंने कहा कि यह एयर स्ट्रिप सेना के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होगी। इमरजेंसी के दौरान सेना के विमान यहां उतारे जाएंगे। उन्होंने इसी पट्टी के पास में एयरपोर्ट बनाने की संभावना जताते हुए कहा कि अगर ऐसा किया जाता है तो आम लोगों को सुविधा मिल सकेगी। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लोगों की अपेक्षाओं पर सेना हमेशा खरी उतरी है। देश को जब भी जरूरत पड़ी है सेना तैयार रही है। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ने एयर स्ट्रिप का निर्माण किया है।

जो कि देश की सेना के साथ आपदा में आम लोगों के लिए फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने कहा कि देश की सड़कों पर पहले ऊंट गाड़ी या वाहन दौड़ते थे लेकिन अब पहली बार भारतमाला परियोजना के तहत बने हाइवे एयर स्ट्रिप पर सेना के फाइटर प्लेन दौड़ते नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि नेशनल हाइवे अथॉरिटी देश भर में ऐसी 20 एयर स्ट्रिप बना रहा है। जो कि देश की सुरक्षा को मजबूत करेगी।

## तीर्थंकर चन्द्रप्रभु भगवान का पंचामृत अभिषेक



**भीलूड़ा।** भीलूड़ा दिगम्बर जैन मंदिर में अंतर्मुखी मुनि पूज्य सागर महाराज की मौन साधना के अंतर्गत गुरुवार को सुबह तीर्थंकर चन्द्रप्रभु भगवान का दूध, दही, हल्दी, शक्कर,लाल चंदन,सफेद चंदन समेत अनेक जड़ी बूटियों से पंचामृत अभिषेक किया गया। भक्तामर विधान, पूजन,हवन,जाप अनुष्ठान के 36वें दिन अनुष्ठान के मुख्य पूजन कर्ता प्रेरणा नरेन्द्र शाह, सागवाड़ा थे। मुनि के मुखारविंद से मंत्रों का उच्चारण किया गया, साथ ही आदिनाथ से लेकर महावीर भगवान का पूजन किया गया। भगवान के एक हजार आठ नामों का जाप और जाप मंत्र, ऋद्धि मंत्र, अर्घ्य के साथ भक्तामर विधान सम्पन्न किया गया। अनिता योगेश जैन सागवाड़ा, तिलकनन्दनी जैन ने भी पूजन का लाभ प्राप्त किया। इस मौके पर तृष्टि दीदी ने बताया कि भक्तामर काव्य की रचना आचार्य मानतुंग स्वामी द्वारा राजा भोज के काल में की गई थी।

राजा भोज ने जब आचार्य मानतुंग को जेल डालकर उन्हें 48 तालों में बंद कर दिया, उस समय आचार्यश्री ने भगवान आदिनाथ की स्तुति की और वही स्तुति भक्तामर स्त्रोत के रूप में आज प्रसिद्ध है।

## राजस्थान पैन्शनर समाज उप शाखा सागवाड़ा की बैठक हुई

**सागवाड़ा।**

पेन्शनर समाज उप शाखा की बैठक विश्वनाथ पण्डया की अध्यक्षता में पेन्शर भवन में आयोजित की गई ।जिसमें निम्न निर्णय लिए गए।

पेंशनर समाज की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव की 24 अक्टूबर रविवार को कराने का निर्णय किया गया। बैठक में ।5 वर्षीय सम्मानित सदस्यों की सूची का अनुमोदन किया गया। सातवें पे कमिशन में शेष रहे पैन्शनरो की फाइलें बैंक से ट्रेजरी भिजवाने के आदेश बैंकों में प्रभारी अधिकारी के द्वारा पहुंचाए गए। बैठक में जीवन लाल पाटीदार, हरीश गुप्ता, कुबेर लाल जोशी, देव शंकर सुथार, प्रभा शंकर पंड्या, मणिलाल जोशी, मोहन सुथार, मोहन भट्ट, विजय कुमार पण्डया, मांगीलाल भट्ट, अशोक रावल , देवीलाल , सुरेश रावल, सोहन लाल जैन , राजेंद्र शुक्ला आदी उपस्थित रहे । संचालन विजयराम भावसार ने किया।

## पीईईओ डेचा व बिलिया बड़गामा की संयुक्त बैठक हुई

**सागवाड़ा।**

**सागवाड़ा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डेचा में मंगलवार को पीईईओ डेचा व बिलिया बड़गामा की संयुक्त बैठक हुई। मुख्य अतिथि सीबीईओ भेमजी खांट थे।अध्यक्षता ओबरी पीईईओ देवेंद्र जैन ने की। विशिष्ठ अतिथि पीईईओ बिलिया बड़गामा रमणलाल यादव, पीईईओ विराट प्रवीण जोशी, पीईईओ पिपलाकुंज रोहित जोशी, पीईईओ बरबोदनीया प्रशांत दीक्षित रहे। स्थानीय पीईईओ सुरेंद्र जैन ने स्वागत उदबोधन एवं अतिथियों का स्वागत किया। सभी पीईईओ द्वारा शाला दर्पण रैंकिंग, नामांकन वृद्धि, वृक्षरोपण एवं रिकॉर्ड संधारण आदि पर विस्तृत चर्चा की। पीईईओ डेचा व बिलिया बडगामा के सभी अध्यापको ने एक एक जरूरतमंद विद्यार्थियों को गोंद लेने व वर्ष भर उनकी आर्थिक व शैक्षणिक आवश्यकताओ को पूरा करने का संकल्प लिया। संचालन हितेश सेवक ने व आभार महिपाल सिंह बारोड़ ने व्यक्त किया।

# भारत विकास परिषद सरोदा की ओर से छात्र -गुरु वंदन कार्यक्रम हुआ



भारत विकास परिषद सरोदा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित शिक्षक।

**सरोदा।**

भारत विकास परिषद शाखा सरोदा की ओर से छात्र गुरु वंदन कार्यक्रम मां भारती की वंदना से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भेमजीखांट थे। अध्यक्षता हेमेंद्र उपाध्याय ने की। विशिष्ट अतिथि प्रेमचंद सुथार, देवीलाल पंड्या, जयशंकर पंड्या, देवंग दादा पाटीदार सदाशिव भरत पंड्या व सरोदा ग्राम पंचायत सरपंच पन्नालाल डोडियार, उपसरपंच प्रवीण पंड्या, जगदीश चंद्र वैष्णव, दीपक सुथार थे। स्वागत रस्म एवं स्वागत उद्बोधन एवं वार्षिक कार्य योजना सचिव विद्या शंकर पाठक ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरोदा पी ई ओ क्षेत्र के सभी 60 गुरुजनों एवं दीदियो का व आंगन वाडी कार्मिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान निखिल व्यास, भारतेंदु, हर्षद उपाध्याय, संजय सेवक जय देव मेहता व अन्यान्य साथी ग्रुप के युवाओं का भी सम्मान किया गया।इस अवसर पर धनपाल जैन, भरत शुक्ला, जगदीश वैष्णव, पन्नालाल डोडियार, प्रवीण पण्ड्या, जगदीश मेहता ने सम्बन्धित किया। कार्यक्रम मे प्रेम जी पाटीदार, कांतिलाल पवन कोठारी किशोर उपाध्याय पंकज उपाध्याय कल्पेश जैन विनोद मेहता एवं कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र पंचाल एवं आभार लोकेश ठाकुर ने ज्ञापित किया।

## बेणेश्वर धाम के सौन्दरकर्ण और विकास के बिन्दुओं पर राय ली

### बेणेश्वर विकास बोर्ड की पहली बैठक हुई

**डूंगरपुर।** जिले के बेणेश्वरधाम पर बेणेश्वर विकास बोर्ड की पहली बैठक महंत अच्युतानंद महाराज की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में डूंगरपुर जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला, बांसवाड़ा जिला कलेक्टर अंकित कुमार साहित मंदिर ट्रस्ट के सदस्य ओर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। गुरुवार को बेणेश्वर धाम के श्री ब्रह्मा मंदिर में आयोजित हुई। इस बैठक में बेणेश्वर त्रिवेणी जलसंगम टापू के बढ़ रहे कटाव पर चिंता जताई गई। वही मास्टर प्लान के साथ रिंगवाल निर्माण, सड़क, नदी घाटों व मंदिर पहुच मार्गो एवम टापू पर स्वच्छता बनाये रखने पर मंथन किया । बैठक में डूंगरपुर जिला कलेक्टर ने अब तक बेणेश्वर धाम हुए विभिन्न निर्माण कार्यो पर चर्चा करते हुए सम्बधित विभाग और ठेकेदार को समय रहते सभी कार्य पूर्ण करने पर पाबन्द किया। बैठक में मौजूद स्थानीय लोगों से कलक्टर ने बेणेश्वर धाम के सौन्दरकर्ण ओर विकास के बिन्दुओ पर राय ली ।

वही बैठक की अध्यक्षता कर रहे पीठाधीश्वर महंत अच्युतानंद महाराज ने सभी को जिम्दारियों के साथ संगठित होकर बेणेश्वर धाम के विकास में सहयोग देने की बात कही।

# राजपुर घाटी के पास इलेक्ट्रोनिक की दुकान से 35 हजार रूपये नगद और सामान चुराया

**डूंगरपुर।** शहर के कोतवाली थानान्तर्गत शहर की राजपुर घाटी के पास बीती रात चोरो ने एक इलेक्ट्रोनिक की दुकान को अपना निशाना बनाया । चोर दुकान से 35 हजार रूपये नगद व हजारो रुपए का इलेक्ट्रोनिक्स का सामान चुरा कर ले गए । पीड़ित दुकानदार ने बताया की आज सुबह जब उसने दुकान खोली तो देखा की अन्दर का सामान बिखरा हुआ था। गल्ले से 35 हजार रुपए गायब थे और हजारो का इलेक्ट्रोनिक्स का सामान भी गायब था । दुकानदार ने बताया की चोर पीछे की खिड़की व दरवाजा तोड़कर अन्दर घुसे और वारदात को अंजाम दिया। चोरी की सुचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए दुकान मालिक की रिपोर्ट पर चोरी का मामला दर्ज किया। इधर पुलिस चोरो की तलाश कर रही है।

## बाइक सवार युवक पर ताबड़तोड़ हमला, पेचकस से किए कई वार, घायल युवक अस्पताल में भर्ती



**गणेशपुर।** दोवड़ा थाना क्षेत्र के ड़ाबेला गांव में कारीगरी का काम करने वाले एक युवक पर गांव के ही दूसरे युवक ने ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इलेक्ट्रीक के काम आने वाले पेचकस से कई वार किए, जिससे शरीर पर कई घाव पड़ गए। लोगों की भीड़ जुटते ही बदमाश युवक मौके से भाग गया, जबकि घायल युवक को डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया हैं। दोवड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया कि रामलाल परमार निवासी ड़ाबेला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया है कि उसका छोटा भाई हरिश्चन्द्र परमार (22 वर्ष) कारीगरी का काम करता है। बुधवार को वह डूंगरपुर में काम के लिए गया था। देर शाम को वह बाइक लेकर घर लौट रहा था। उसके साथ पिंटू कटारा निवासी चितरेटी भी साथ था। ड़ाबेला गांव में कलाल की दुकान के पास गांव के ही संजय पुत्र नारायण ने रास्ता रोक लिया।

## बिजली की समस्या को लेकर नपाध्यक्ष खोडनिया को सौंपा ज्ञापन

### वार्ड 5 में बिजली का लोड बढाने निगम के एईएन को दिए निर्देश

**सागवाड़ा।** नगर पालिका सागवाड़ा के वार्ड 5 में बिजली संबंधित समस्याओं को लेकर नपाध्यक्ष सागवाड़ा के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। इधर, लोगों का ज्ञापन मिलते ही निगम के एईएन को समस्या के समाधान को लेकर निर्देश दिए है। नगर पालिका क्षेत्र के पुनर्वास कालोनी वार्ड 5 की पार्षद वंदना शाह, कन्हैया भोई, मुकेश भोई, हितेश पटेल, हरिश्चंद्र पटेल, देवेन्द्र कलाल, पीषूय चंद्र शुक्ल, मनोहरलाल ने पिछले कुछ दिनों से बिजली सप्लाई बाधित होने और लोड कम आ रहा है। जिससे कूलर और पंखें नही चल रहे है। लोगों नपाध्यक्ष खोडनिया से समस्या के समाधान की मांग की है। इधर, नपाध्यक्ष खोडनिया ने निगम के एईएन को जल्द से जल्द समस्या के समाधान के निर्देश दिए।

## पुलिस उप निरीक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा की तिथि में बदलाव करने व एक ही दिन परीक्षा की मांग की

**डूंगरपुर।** जिले में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने पुलिस उप निरीक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा की तिथि में बदलाव करने व एक ही दिन परीक्षा की मांग की है । इसको लेकर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने आज डूंगरपुर कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौपा है ।

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के नगर उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने बताया की सरकार की ओर से राजस्थान पुलिस उप निरीक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा का आयोजन 13, 14 और 15 सितम्बर को निर्धारित किया है । जबकि सरकार ने सामान्य वर्ग के लिए EWS के तहत आयु सीमा में छुट के प्रावधान देरी से किये गए है इस देरी से अभ्यर्थियो में अनिश्चिता का माहोल है । ऐसे में तुरंत प्रभाव से लिखित परीक्षा न्याय संगत नहीं है । ऐसे में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन देकर राजस्थान पुलिस उप निरीक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा फिलहाल स्थगित कर तिथि में बदलाव करने व परीक्षा को एक ही दिन में करवाने की मांग की है।

# महिलाओं ने किया हरतालिका व्रत



डूंगरपुर में महिलाएं हरतालिका व्रत करती महिलाएं।

**डूंगरपुर।** हरतालिका तीज व्रत 9 सितंबर गुरुवार को नया महादेव परिसर में सनातन महिलाओं ने सुबह भगवान शिव परिवार की पूजा अर्चना कर किया। समाजसेवी पूर्व पार्षद मुकेश श्रीमाल ने जानकारी दी कि मंदिर के पुजारी श्री पार्थ प्रमोद सेवक व उनकी माता ने मिट्टी के शिव परिवार की प्रतिमा बनाकर, श्रृंगार कर मंदिर प्रांगण में सनातनी महिलाओं के पूजन हेतु स्थापित किया। हिंदू पंचांग के अनुसार, हरतालिका तीज भाद्रपद की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन माता पार्वती , भगवान शंकर एवम भगवान गणेश की मिट्टी की प्रतिमा बनाकर तीनों की पूजा अर्चना की जाती है। इस दिन निर्जला रहकर भोलेशंकर की आराधना करने से महिलाओं को अखंड सौभाग्य का भी लाभ मिलता है। हरतालिका तीज, कजरी और हरियाली तीज के बाद आती है। हरतालिका तीज श्रावणी तीज व कजरी तीज के बाद आता है तथा महिलाओं के लिए अखण्ड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है और महिलाएंअपने पति के स्वस्थ्य व मंगल जीवन की कामना के लिए करती है।

# एनपीएस के त्रास से मुक्त कर ओपीएस को लागू करें सरकार



मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य दिनेश खोडनिया के नाम नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया को ज्ञापन देते हुए।

**सागवाड़ा।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह चौहान की अध्यक्षता व जिला मंत्री कन्हैया लाल व्यास, पूर्व जिला अध्यक्ष देवीलाल पाटीदार व लक्ष्मीकांत जोशी और प्रकाश चंद्र व्यास के आतिथ्य में महिपाल विद्यालय में आयोजित हुई। बैठक का एजेंडा प्रस्तुत करते हुए कोषाध्यक्ष मनीष जैन ने सत्र 2020-21 की सदस्यता व आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने प्रदेश के आव्हान पर प्रदेश में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण व प्रभावी सशक्त आवाज बुलंद करने जनप्रतिनिधियों को दिए जा रहे ज्ञापन की जानकारी देते हुए कहा कि 2004 से बाद नियुक्त कार्मिकों का सेवानिवृत्ति उपरांत भविष्य सुनिश्चित नहीं है। क्योंकि नई पेंशन स्कीम एक अभिशाप के रूप में उभर कर आई है अत: पूर्व की भांति ही पुरानी पेंशन स्कीम लागू करवाई जाए द्य मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य दिनेश खोडनिया के नाम नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया को दिए गए ज्ञापन में वेतन विसंगतियों के निराकरण के लिए गठित सामंत कमेटी की रिपोर्ट को तत्काल लागू करने, प्रबोधकों के साथ लेखाधिकारी कि चूक के कारण हो रहे मासिक आर्थिक नुकसान को रोककर सुधार करवाने, शिक्षकों को बीएलओ व अन्य गैर शैक्षणिक गतिविधियों से मुक्त कर रखने, प्रभावी व पूर्ण व्यवस्था होने तक ऑनलाइन उपस्थिति से वेतन आहरण की अनिवार्यता स्थगित करने तथा 27 जुलाई 2021 को सरकार द्वारा नवीन सेवा नियमों की अधिसूचना में शिक्षा व शिक्षक विरोधी प्रावधानों को संगठन द्वारा दिए गए अभिमत अनुसार तत्काल संशोधित करने की मांग की गई।

## प्रशासन शहरों के संग अभियान को लेकर आयुक्त ने ली वार्ड कर्मचारियों की बैठक

**डूंगरपुर।**

अक्टुम्बर से शुरू होने वाले प्रशासन शहरों के संग अभियान के अंतरगर्त गुरूवार को नगरपरिषद के आयुक्त नरपतसिंह राजपुरोहित ने वार्ड कर्मचारियों की बैठक ली। अभियान को सफल बनाने को लेकर परिषद के सभागार में परिषद के समस्त कर्मचारी और वार्ड कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर आयुक्त ने वार्ड कर्मचारियों को सम्बोदित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के प्रशासन शहरों के संग अभियान को सफल बनाने को लेकर जो कार्य आज कर्मचारियों को दिए जा रहे है उन्हें सफल बनाने को लेकर कार्य योजना बनाकर उन्हें पूरा करे,कर्मचारी अपने उत्तर दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करे और आमजन को इस शिविर के मार्फ़त राहत प्रदान करे।

आयुक्त राजपुरोहित ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि शहरी क्षेत्र में वर्षो से काबिज जमीन मालिक और मकान मालिकों को उनका मालिकाना हक मिले एवं उनके चेहरे पर मुस्कान आये। आयुक्त ने कहा कि वार्ड कर्मचारी आज से ही अपने अपने वार्डो में जाए और सरकार की मंशानुरूप धरातल तक आमजन को अधिक से अधिक लाभ दिलाकर लाभान्वित करे।

# सवगढ़ ग्राम पंचायत ने किया शिक्षकों का सम्मान



**गणेशपुर।**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवगढ़ में ग्राम पंचायत सवगढ़ के द्वारा शिक्षको का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्राणजीवन शाह मुख्य अतिथि, सरपंच आशा देवी अहारी अध्यक्ष,अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय जैन अतिविशिष्ट अतिथि एवं शिक्षाविद वीरेंद्रसिंह अहारी,समाज सेवी अर्जुनदास वैष्णव विशिष्ट अतिथि थे। कार्य वाहक संस्था प्रधान कल्याण यादव ने अतिथियों का माल्यर्पण से स्वागत किया। सरपंच महोदया आशा देवी अहारी एवं ग्रामीणों ने स्थानीय विद्यालय एवं पीईईओ क्षेत्र के 40 शिक्षक-शिक्षिकाओ को माला, श्रीफल,कलम भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्राणजीवन शाह ने अपने उद्बोधन में गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रकाश डाला। अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय जैन ने गुरु की महत्ता के बारे में प्रकाश डाला ।सरपंचआशा देवी अहारी ने अपने अध्यक्षयी भाषण में कहा कि शिक्षक ही बालक का सर्वांगीण विकास कर सकता है। प्रथम सहायक मुकेश यादव ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन भवानीशंकर पाटीदार ने किया ।इस अवसर पर प्रमिला मीणा, हीरालाल अहारी, मंजू कलाल, शकुंतला यादव, आशा मीणा, मोनिल स्वर्णकार,धनराज अहारी,मणिलाल परमार, भूरालाल परमार, विनोद ननोमा, दिनेश पारगी एवं वीरेंद्र सिंह राव,तेजसिंह अहारी उपस्थित थे।

## पुनर्वास कॉलोनी व इंदिरा कॉलोनी की जल वितरण व्यवस्था शुक्रवार को बाधित रहेगी

**सागवाड़ा।** शहरी जल योजना सागवाड़ा के पुनर्वास कॉलोनी स्थित पंप हाउस पर मंगलवार शाम बारिश के दौरान मैंन राइजिंग पाइप लाइन पर बिजली गिरने से आठ इंच पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता ने बताया कि पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त हो जाने से पुनर्वास कॉलोनी व इंदिरा कॉलोनी की जल वितरण व्यवस्था शुक्रवार को बाधित रहेगी।

## अधिवक्ता संरक्षण बिल को पारित कराने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**डूंगरपुर।** जिले के बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता संरक्षण बिल को विधानसभा में पारित करवाने की मांग को लेकर आज डूंगरपुर एसडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन सौपा । इस मौके पर बार एसोसियेशन के अध्यक्ष हितेंद्र पटेल ने बताया की एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल राज्य सरकार ने काफी लम्बे समय से लंबित कर रखा है ।

जो राज्य सरकार द्वारा पारित नहीं कराया जा रहा है ।